ब्रेकिंग न्यूज...

प्रकाश बने व्याख्याता मंच के अध्यक्ष

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

व्याख्याता मंच ने पंजीयन को लेकर बैठक की। बैठक में चर्चा के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रकाश चंद्र रथ, उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, डॉ. सुरेश तिवारी, सचिव अजय शर्मा, कोषाअध्यक्ष रमेश, संयुक्त सचिव दीपक घोष, तेजपाल सिंह, सह सचिव संतोष गुप्ता को बनाया गया। बैठक में सभी सदस्यों से पंजीयन शुल्क भी एकत्रित किया गया। साथ ही व्याख्याता मंच के कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों की जानकारी सभी सदस्यों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया वाट्सएप और टेलिग्राम में ग्रुप बनाकर सभी लोगों को जोड़ा गया।

लोगों की प्यास बूझा रहा चित्रधारा जलप्रपात

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

तोकपाल ब्लॉक के ग्राम रानसरगीपाल व पोटनार के सीमा पर स्थित चित्रधारा जलप्रपात भी गर्मी में भी सूखने जैसी स्थिति में नहीं है हालांकि वर्तमान में यहां पतली जलधारा ही पहाड़ी से निकल रही है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ये पूरे गर्मी में ऐसा ही बना रहता है। रानसरगीपाल के कुछ परिवार चित्रधारा प्रपात में पाईप लगाकर पहाड़ी से निकलने वाले पानी को ही पीने से लेकर निस्तारी के लिए उपयोग करते हैं। गौरतबल है कि संभाग मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर चित्रकोट मार्ग पर स्थित पोटानार के समीप स्थित चित्रधारा जलप्रपात गर्मी के मौसम में भी शबाब पर रहता है।

आनंद मेले में हुई खेल स्पधाएं

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

उत्कल युवा समिति ने उत्कल समाज भवन में आनंद मेला आयोजित किया गया। मेले की शुरुआत समाज के वरिष्ठ लोगों ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर की। इसके बाद समाज के सभी वर्गों ने व्यंजनों का आनंद लिया। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। साथ ही अलग-अलग खिताबी मुकाबले भी हुए, जिसमें उत्कल युवा मिस्टर इवनिंग अंकित सामंत, मिस इवनिंग काजल महापात्र, बेस्ट कपल दीपक दास व उनकी पत्नी, 51 साल से ज्यादा के बेस्ट कपल मिनकेतन तिवारी और उनकी पत्नी रही। लक्की ड्रॉ और क्विज का आयोजन भी किया गया।

हत्या, आगजनी जैसे आधा दर्जन से अधिक नक्सली अपराधों में शामिल...

पांच लाख की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली गिरफ्तार

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

आधा दर्जन से अधिक नक्सल अपराधों में शामिल पांच लाख की इनामी हार्डकोर महिला माओवादी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मलांगिर एरिया कमेटी सदस्य महिला नक्सली कोसी नुप्पो उर्फ मंगली पर पांच से छह गांवों की जिम्मेदारी थी और 40 से 50 लोगों को संगठन से जोड़ रखा था। इस दौरान वह अपने पास 12 बोर का बंदूक रखती थी। पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी कामयाबी मान रही है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के मुताबिक कोसी को उसके गांव रेवाली ताड़पारा से पकड़ा गया। यह कई सालों से संगठन में रहते बर्रेम, नीलावायाए पोटाली, नहाड़ी-ककाड़ी इलाके में सक्रिय थी। पकड़ी गई कोसी हत्या, आगजनी समेत कई बड़े नक्सली हमले व मुठभेड़ में शामिल रही है। वहीं एसपी ने बताया कि सोमवर को नीलावाया इलाके से पकड़े गए नक्सलियों ने 20 लोगों के नामों का खुलासा किया है। उनमें कई इनामी भी शामिल हैं, जिन्हें आने वाले दिनों में जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

मैलावाड़ा वारदात की थी मास्टर माइंड

एसपी के मुताबिक 31 मार्च 2016 को कुआकोंडा-सुकमा मार्ग में मैलावाड़ा के समीप सीआरपीएफ वाहन को बम विस्फोट करने की घटना में शामिल थी। इस घटना में सीआरपीएफ के सात जवान शहीद हुए थे। इस वारदात में कोसी मास्टर माइंड थी।

इसके अलावा 28 जुलाई 15 को मलांगिर एरिया कमेटी के नक्सलियों की सूचना पर सर्चिंग पर निकली फोर्स पर पोटाली के मिर्चिपारा पहाड़ी जंगल में माओवादियों ने हथियार लूटने की नियत से हमला बोला था। इसमें भी कोसी शामिल थी। इसके दूसरे दिन नहाड़ी मुंडीपारा के जंगल में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।

इन नक्सली वारदातों में रही शामिल

2013 में अन्य हथियारबंद नक्सलियों के साथ किरंदुल एस्सार के पास ट्रकों में आगजनी व जवानों पर हमला,13 अप्रैल 15 में चोलनार कैंप से किरंदुल आ रहे एंटी लैंड माईन वाहन को बम विस्फोट करने में शामिल थी।

इस घटना में पांच जवान शहीद व सात जवान घायल हुए थे। मई 2015 में रेवाली नागरगुड़ा के बीच सर्चिंग पर निकली फोर्स को निशाना बनाकर हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग में भी थी।

इस मुठभेड़ में चार महिला नक्सली मारी गई थी। इसी साल अर्वे बंडीपारा के पूर्व सरपंच हड़मा राम को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने की वारदात में शामिल थी। इसके अलावा नीलावाया व बर्रेम के बीच जंगल में फायरिंग तथा समेली मेन रोड में अरबे तिराहे में घात लगाकर जवानों पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थी।

संतोष की प्राकृतिक दृश्य पर आधारित चित्रकला का चयन राष्ट्रीय स्तर पर

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

केरल के कोची स्तिथ प्रोग्रेसिव करिकुलम मैनेजमेंट संस्था द्वारा दी चिल्ड्रेन्स मैगजीन संस्करण का राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता अप्रैल 2019 में अयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा के एजुकेशन सिटी स्तिथ आस्था विद्या मंदिर के छात्र संतोष मंडावी द्वारा प्राकृतिक दृश्य पर आधारित बनाई गई चित्रकला का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है और मई 2019 संस्करण के लिए कवर पेज में छपी है। संतोष मंडावी को विद्यालय के शिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ ने प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया था।

शिक्षक विश्वनाथ के मुताबिक दी चिल्ड्रेन्स मैगजीन मई 2019 संस्करण के राष्ट्रीय विजेता संतोष को 1500 रूपए का चेक और प्रमाण पत्र दिया गया। आस्था के प्राचार्य संतोष प्रधान ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों का रुचि के हिसाब से अलग-अलग कला, संगीत व खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से एक मात्र चित्रकला आस्था विद्या मंदिर से चयनित होना खुशी की बात है।

पुलिस नक्सली मुठभेड दंडाधिकारी जांच प्रारंभ

बीजापुर। पामेड़ थाना क्षेत्र के कवरगट्टा और दामावरम के मध्य जंगल में 21 अप्रैल को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई थी। इमसें 22 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पूर्व से ही माओवादी कमांडर मनीला, सुजाता के साथ सशस्त्र माओवादी बड़ी संख्या में मौजूद रहने की सूचना लगातार आती रही। इसके संबंध में सीमावर्ती थाना चेरला जिला भद्रादी कोतागुड़ेम तेलंगाना के थाना प्रभारी से भी माओवादियों के संबंध में चर्चा करने पर उनके द्वारा उक्त स्थान पर नक्सलियों के बड़ी पार्टी की उपस्थिति की सूचना होना बताया गया। चेरला पुलिस व स्पेशल टीम कोतागुड़ेम एवं पामेड़ जिला बल, एसटीएफ, सीएएफ 2री वाहिनी जी कंपनी, 3री, 4थी बटालियन के साथ कुछ 101 नफर बल लेकर रवाना हुए। पूरी टीम को तीन ग्रुप में बांटकर पार्टी एक का कमांडर थाना प्रभार चेरला उनि ए राजू वर्मा के हमराह 41 नफर बल, पार्टी नं.2 का कमांडर एसटीएफ प्रभारी एपीसी कमलेश रात्रे के साथ 30 जवान तथा तीसरे नंबर के कमांडर 30 जवानों के साथ कवरगट्टा व दामावरम की ओर पूर्व नियोजित योजना के तहत आगे बढ़े।

सड़क सुरक्षा के लिए विभिन्न स्थानों में लगाए जाएंगे प्रतीक चिंह

इम्पेक्ट न्यूज. बीजापुर

दुर्घटना से बचने कलेक्टर एवं एसपी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सदस्यों को दिशा निर्देश देते कहा कि जहां दुर्घटनाएं ज्यादा होती है, उन स्थानों पर विशेष कर प्रतीक चिन्ह लगाए जाएं। बैठक में कलेक्टर केडी कुंजाम ने कहा कि बीजापुर के अंदर सोलडर वर्क, वाहन पार्किंग की आवश्यकता है। उन्होंने बीजापुर से नैमेंड तक सोलडर वर्क जल्दी से पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने इलेक्ट्रानिक सिग्नल अस्पताल चौंक, जैतालूर चौक, नया बस स्टैंड चौक, डारापारा चौक एवं नैमेंड चौक में लगाने नपा सीएमओ पवन मेरिया को निर्देश दिए। वाहनों की गति कम करने प्लास्टिक रैंबलर जिले में मिलाने वाले सहायक मार्ग पुंडारी चौक, मिरतुर चौक, कुटरू चौक, धनोरा चौक, जैतालूर चौक, गंगालूर, आवापल्ली तिरहा एवं तिमेंड़ में प्लास्टिक से बने चमकीले गति अवरोधक लगाने कहा। बीजापुर से भोपालपटनम मार्ग पर बीजापुर घाटी में केश बैरियर, व्यावसयिक वाहनों एवं भारी वाहनों का शहर में प्रवेश के लिए समय निर्धारित एवं बाईपास सडक निर्माण, सड़कों पर अवैध दुकान अतिक्रमण व अनावश्यक होडिग पर कार्यवाही के निर्देश यातायात प्रभारी को दिए। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था का चिन्हाकन कर पार्किंग निर्माण, आटोमेटिक साउंड सिस्टम अस्पताल चौक, जैतालूर चौक, नया बस स्टैंड चौक, डारापारा चौक एवं नैमेंड चौक के साथ भैरमगढ़ आवापल्ली एवं भोपालपटनम लगाने कहा। शहर में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ निर्माण, बस स्टॉप का निर्धारण, यातायात जागरूकता के लिए बोर्ड, सड़क किनारे पेड़ों पर रेडियम लगाने के निर्देश दिए गए। वाहनों का रजिस्ट्रेशन शतप्रतिशत, डायविंग टेस्ट एवं आवारा पशुओं को कांजी हाउस का निर्माण, साप्ताहिक बाजार का व्यवस्थित रूप से लगाने एवं पार्किंग सुलभ बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम उमेश पटेल, राना सहित अन्य मौजूद थे।

11 बच्चों ने जेईई मेंस क्लियर कर बनाया रिकार्ड, अब देंगे जेईई एडवांस की परीक्षा

सूदूर इलाके के बच्चों ने हासिल की सफलता

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने देश की प्रतिष्ठापूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस में सफलता के झंडे लहराते दंतेवाड़ा का नाम रोशन किया है। इन बच्चों में अधिकांश बच्चे सूदूर नक्सली प्रभावित इलाके के हैं, जिन्होंने जेईई मेंस की प्रतिष्ठित परीक्षा को क्वालीफाई किया है। कुल 49 बच्चों ने जेईई मेन्स परीक्षा में हिस्सा लिया था, जिसमें 11 बच्चों ने सफलता अर्जित किया है। अब सभी बच्चे जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। जिले में बच्चों को जेईई, नीट, पीईटी, पीएटी जैसी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा की निशुल्क तैयारी के लिए छूलो आसमान संस्था संचालित है। इस संस्था में जिले के 8वीं उत्तीर्ण बच्चों का प्रवेश परीक्षा लेकर होनहार बच्चों का चयन किया जाता है। चयनित बच्चों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जा रही है। खास बात यह है कि एक निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद टेस्ट परीक्षा लेकर बच्चों के ज्ञान के स्तर का आंकलन किया जाता है। परीक्षा के ठीक पहले क्रैश कोर्स कराया जाता है, ताकि बच्चे प्रतियोगी परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयारी कर सकें। बहरहाल जिले के 49 बच्चों में से 11 बच्चों ने जेईई मेन्स क्लियर कर रिकॉर्ड स्थापित कर लिया है। इन 11 बच्चों में से 3 छात्राएं शामिल हैं और इन 11 बच्चों में 10 बच्चे अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। जेईई मेन्स क्लियर करने वाले ये सभी बच्चे अब जेईई एडवांस की परीक्षा देंगे। जेईई एडवांस में आए प्राप्तांक के आधार पर आईआईटी में प्रवेश का अवसर मिलेगा। फिलहाल उक्त बच्चे जेईई मेन्स क्लियर कर एनआइटी और ट्रिपलआईटी में प्रवेश लेने के लिए पात्र हो गए हैं, जो ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। जेईई मेंस की परीक्षा में सफलता से आज छू लो आसमान संस्था के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह है। वहीं संस्था में भी खुशी का वातावरण परिलक्षित हुआ।

खेती-किसानी कर पढ़ा रहे हैं माता-पिता

धुर नक्सली प्रभावित इलाके चेरपाल के संतुराम कुंजाम के माता-पिता गांव में खेती-किसानी करते हैं। संतुराम कुंजाम के दो छोटे भाई बारसूर में पढ़ाई कर रहे हैं तो बहन चंचल कुंजाम जावंगा के आस्था विद्या मंदिर में अध्ययनरत है। कुआकोंडा के गोंगपाल के बामनराम के पिता भी कृषक हैं। वहीं गंजेनार की तारिका गावड़े और बारसूर के राजकुमार नेताम के परिजन भी खेती-किसानी कर अपने बच्चों को पढ़ाई करवा रहे हैं। चेरपाल निवासी संतुराम कुंजाम ने बताया कि उसके माता-पिता और चाचा पढ़ाई के लिए हमेशा उत्साहवर्धन करते हैं। घर जाने पर पढ़ाई करने जल्दी से संस्था में भेज देते हैं। यही नहीं बल्कि दोनों छोटे भाई और बहन की पढ़ाई के लिए भी उसके परिजन सदैव ध्यान रखते हैं।

धुर नक्सल प्रभावित इलाके के बच्चों ने मारी बाजी

जेईई मेन्स परीक्षा में सफल अधिकांश बच्चे धुर नक्सली प्रभावित कुआकोंडा और बारसूर इलाके के हैं। इसमें कुआकोंडा ब्लॉक से गोंगपाल के बामनराम, मैलावाड़ा के खगेश्वर सहित बारसूर के राजकुमार नेताम, हरीश बघेल एवं संतुराम कुंजाम तथा गंजेनार की तारिका गावड़े शामिल हैं। इसमें संतुराम कुंजाम इंद्रावती नदी पार के चेरपाल का रहने वाला है। वहीं कारली के योगेश्वर अरूसा एवं निधि ध्रुव ने भी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल किया है। छू लो आसमान संस्था में तैयारी कर जेईई मेन्स क्लियर करने वाले दो बच्चे बस्तर जिले के धनपूंजी के किरण बघेल और धुरागांव लोहंडीगुड़ा निवासी करण साहू के साथ ही कांकेर जिले के नरहरपुर निवासी खिलेश सोरी सम्मिलित हैं।

सफलता पर कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

संतुराम कुंजाम ने जेईई मेन्स क्लियर करने के बाद अब पूरी लगन और मेहनत के साथ जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी करने की बात कही। देश की उच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेने आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में जिले के 11 बच्चों की सफलता पर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने इन बच्चों को शुभकामनाएं देते कहा कि इससे बच्चों को आगे बढ़ने प्रोत्साहन मिलेगा और ये सभी बच्चे जेईई एडवांस की परीक्षा में बेहतर तैयारी के साथ सम्मिलित होंगे। इस दिशा में छूलो आसमान संस्था के द्वारा उक्त बच्चों की तैयारी पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

फेनी तूफान से बस्तर में हो सकती है वर्षा

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

बस्तर में तमिलनाडू में उठे फेनी तूफान से ओड़िशा के सीमा से सटे हुए दक्षिणी भागों में नमी के साथ बादल आच्छादित रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर वर्षा भी हो सकती है। जबकि ज्यादातर क्षत्रों में तेज गर्मी होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष बस्तर का मौसम भी अधिक गर्म हो रहा है। दो दिन पूर्व यहां 41.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड दर्ज हुआ। ऐसी स्थिति लगातार चल रही है। लोग गर्मी के कारण परेशान हो रहे हैं। वैसे आम तौर पर अप्रैल माह में दिन का पारा 38 डिग्री तक ही रहता आया है। सुबह 8 बजे से ही तेज गर्मी के थपेड़े लोगों को झूलसाते हैं। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक पीएल देवांगन ने बताया कि जगदलपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। जिसके चलते तेज गर्मी पड़ रही है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि जब अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर हो जाता है तो लू चलने की स्थिति बनती है। मौसम विभाग के अनुसार अभी लोगों को भीषण गर्मी से अगले 2 दिन तक राहत नहीं मिलने की संभावना है। तमिलनाडू में आया तूफान जब आंध्र के रास्ते ओड़िशा से गुजरेगा तब ओडिशा से सटे छग के बस्तर में बादल छा सकते हैं और इस दौरान कहीं-कहीं पर वर्षा भी हो सकती है। जिससे अधिकतम तापमान उतरेगा और लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। इस संबंध में यह विशेष तथ्य है कि बस्तर में इस वर्ष सबसे ज्यादा पारा अप्रैल माह में ही चढ़ा हुआ है। जबकि पिछले साल अप्रैल के आखिरी दिन 30 तारीख को दिन का पारा 38.1 डिग्री ही रिकार्ड हुआ था। वहीं इस बार अप्रैल की 27 तारीख को ही 41.9 तक तापमान पहुंच गया है।

कलेक्टर आज से ब्लाक मुख्यालयों में करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

कलेक्टर डा. अय्याज तम्बोली विकासखंड मुख्यालयों में पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बुधवार को कलेक्टर बकावंड पहुंचेंगे और वहां दिन भर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। उनके द्वारा राजस्व विभाग, सरपंच-सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा अलग-अलग बैठकों में की जाएगी। कलेक्टर द्वारा इस बैठक में शामिल होने के निर्देश जिलास्तरीय अधिकारियों को भी दिए गए हैं।

उनके द्वारा बास्तानार में 3 मई को, दरभा में 4 मई को, बस्तर में 8 मई को, जगदलपुर में 10 मई को और 17 मई को लोहंडीगुड़ा ब्लाक में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

गर्मियों में पेयजल की समस्या का तुरंत निराकरण किया जाए

जगदलपुर। कलेक्टर डा अय्याज तम्बोली ने समय-सीमा की बैठक में जिले में पेयजल की उपलब्धता की विशेष रूप से समीक्षा की और समस्यामूलक गांवों में पेयजल की उपलब्धता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के किसी भी गावं में पेयजल की शिकायत मिलने पर उसका तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। डॉ. तम्बोली ने कहा कि

हेंडपंप खराब होने की शिकायत मिलने पर तुरंत मरम्मत कराया जाए और जहां जरूरी हो नया बोर कराया जाए। कलेक्टर ने मारीकोडेर में 70 परिवारों के बीच एकमात्र हैंडपंप होने की जानकारी दिए जाने पर वहां पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता के लिए एक और हैंडपंप खनन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मावलीभाटा में लालपानी की समस्या का निदान करने, किलेपाल में सोलर पंप स्थापित करने के साथ ही पाईपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूति सुनिश्चित करने, बड़े मोरठपाल में पाईपलाईन विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इंद्रावती नदी के जलस्तर में वृद्धि के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की भी चर्चा की। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दी जाने वाली सभी सेवाओं को निश्चित समय-सीमा के भीतर नागरिकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि संबंधी दस्तावेजों की नकल ऑनलाईन उपलब्ध कराने को कहा।

स्वामी एम्बिशस् प्रिंटर्स के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक विनोद सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग मोवा, रायपुर छग से मुद्रित एवं टेंपल काम्प्लैक्स-13, मेन रोड दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित, संपादक-सुरेश महापात्र* पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।